हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

11 संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की है नींव



12 विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओं और महिलाओं ...





# राइस मिल के भौतिक सत्यापन में 2372 क्विंटल कम मिला धान, मिलर्स के विरुद्ध एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले में धान खरीदी कार्य पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। समितियों एवं उपार्जन केंद्रों में अवैध धान न खपा पाए इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी राइस मिलो का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कविता राईस मिल में 2327.64 क्विंटल धान कम पाए जाने पर मिल संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

- धान खरीदी कार्य पारदर्शी बनाने जिला प्रशासन कर रही कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार हथबंध स्थित कविता राइस इंडस्ट्रीज का भौतिक सत्यापन के दौरान 2372.64 क्विंटल धान कम पाए जाने पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के तहत 5403.6 क्विंटल धान व 3362.5 क्विंटल चावल जब्त कर मेसर्स कविता राइस इंडस्ट्रीज ▸▸ शेष पेज 10 पर

## धान खरीदी केंद्रों में पहुंचा उड़न दस्ता : जांच पड़ताल की गई

बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरुवार को बिलाईगढ़ ब्लॉक में धान उपार्जन केन्द्र पवनी और बिलाईगढ़ का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वहां किसानों द्वारा किए जा रहे तौल, धान बारदाना, धान खरीदी केन्द्र क्षेत्र में धान का बफर स्टॉक, डीओ आदि का जायजा लिया। पवनी धान खरीदी केन्द्र में डॉ. कन्नौजे ने किसान यशवंत साहू और भूषण लाल हिरवानी तथा बिलाईगढ़ में किसान सोन सिंह से बात की। कलेक्टर ने किसानों से उनके धान उपज, खरीदी केन्द्र में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं, कितना एकड़ भूमि, बिक्री के लिए कितना शेष धान और रकबा समर्पण आदि के पूछा। किसानों ने खरीदी केन्द्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं की बात बताई। साथ ही वे टोकन सिस्टम आदि के माध्यम से ▸▸ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### राजस्व विभाग ने 5 माह में 63 हजार से अधिक प्रकरणों का किया निराकरण

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। विगत वर्ष के अगस्त से दिसम्बर 5 माह में 63 हजार 310 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जानकारी के अनुसार इन पांच महीनों में अविवादित नामांतरण 47308, खाता विभाजन 5364, विवादित नामांतरण 3117, खाता विभाजन 1510, सीमांकन 2192, त्रुटि सुधार 1773 एवं व्यपवर्तन के 2046 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु समय-समय पर राजस्व शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें राजस्व विभाग की टीम द्वारा गांव में जाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाता है।

### 10 लीटर महुआ शराब जब्त, लहान किया नष्ट



**सेल।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने 55200 रुपये मूल्य का अवैध कच्ची महुआ शराब एवं लाहन जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को आबकारी विभाग को सूचना मिली की ग्राम असनीद कुशवा डबरा जंगल थाना कसडोल में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है। टीम द्वारा वहां दबिश देकर विधिवत तलाशी लेने पर 40 किलोग्राम क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी में भरी 18 नग कुल 720 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 10 लीटर क्षमता वाली 6 नग पालीथीन में भरी प्रत्येक नग पॉलीथिन में 10 लीटर भरी कुल 60 बल्क लीटर महुआ शराब कुशवा डबरा जंगल में बरामद हुई एवं महुआ लाहन की सैंपल लेकर सभी लाहन ▸▸ शेष पेज 10 पर

## विरोध : कांग्रेस ने राज्य सरकार एवं लोक निर्माण विभाग की रवैए के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की बदहाली पर फूटा गुस्सा : चक्का जाम से थमी तीन जिलों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर हालत और जानलेवा गड्ढों से त्रस्त जनता का धैर्य शुक्रवार को जवाब दे गया। गिधौरी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष तुलेश्वर वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, स्थानीय व्यापारियों और युवाओं ने गिधौरी बस स्टैंड के पास ऐतिहासिक चक्का जाम किया। इस प्रदर्शन को व्यापारियों का भी भरपूर समर्थन मिला और पूरे बाजार बंद रहे। प्रदर्शन के दौरान बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे और पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक चंद्रदेव राय सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता गिधौरी चौक पर जमीन पर बैठकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने वर्तमान सरकार और लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा जनता जर्जर सड़क और धूल से परेशान है। सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जब तक प्रशासन अपनी लिखित प्रतिबद्धता को पूरा नहीं करता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलन में तुलेश्वर वर्मा (अध्यक्ष), विधायक कविता प्राण लहरे, चंद्रदेव राय, व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आंदोलनकारियों को समझाइश देने प्रशासन की ओर से एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार युवराज कुर्रे, पीडब्ल्यूडी एसडीओ प्रबोध गुप्ता व लवकुमार जायसवाल मौजूद थे









### प्रशासन ने लिखित में दिया आश्वासन

हंगामे और जाम की स्थिति को देखते हुए गिरौदपुरी एसडीएम रामरतन दुबे, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। काफी देर तक चली चर्चा के बाद पीडब्ल्यू डी एसडीओ प्रबोध कुमार गुप्ता ने लिखित आश्वासन दिया कि कंक्रीट सड़क का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। जल्द ही प्रशासनिक स्वीकृति लेकर निविदा आमंत्रित की जाएगी। 45 दिनों के भीतर सड़क निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा। कसडोल एसडीओपी ने भी भारी वाहनों को धीरे-धीरे भटगांव मार्ग की ओर डायवर्ट करने की बात कही।

### प्रमुख मांगें जिन पर अड़े प्रदर्शनकारी

गिधौरी से शबरी सेतु (शिवरीनारायण) तक तत्काल पक्का कंक्रीट सड़क निर्माण। जर्जर हो चुके शबरी सेतु पुल की तत्काल मरम्मतऔर पुल की सुरक्षा को देखते हुए मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित करना रहा।

### लगी वाहनों की लंबी कतारें, राहगीर हुए परेशान

चक्काजाम के कारण गिधौरी से सारंगढ़-भटगांव मार्ग, जांजगीर-बिलासपुर मार्ग और बलौदाबाजार-रायपुर मार्ग पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। बस स्टैंड पर यात्री घंटों फंसे रहे। व्यापारियों ने भी स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

आंदोलन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। कसडोल एसडीओपी कौशल किशोर वास्नी, गिधौरी थाना प्रभारी प्रवीण मिंज सहित कसडोल, सोनाखान, गिरौदपुरी, बया और राजा देवरी के प्रभारियों ने मोर्चा संभाले रखा। प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद शाम को जाम समाप्त किया गया।

# चुनावी रंजिश में खूनी संघर्ष के फरार पांच और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाइगढ़ जिले के बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम मल्दी में पंचायत चुनाव के समय से चली आ रही आपसी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया है। निर्माण कार्य की शिकायत करने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद, योजनाबद्ध तरीके से जानलेवा हमला करने वाले 5 और फरार आरोपियों को बिलाईगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से हमले में इस्तेमाल लाठी, डंडा और चाकू भी बरामद किया गया है।

- आरोपियों ने पूर्व सरपंच के समर्थकों पर प्राणघातक हमला किया था



शिकायतकर्ता पुलेश्वर वर्मा के अनुसार, ग्राम मल्दी के वर्तमान सरपंच रामस्वरूप साहू के साथ उनका पुराना मनमुटाव चल रहा था। 3 जनवरी 2026 की शाम को ग्राम रमतला निवासी सहेत्तर साहू ने निर्माण कार्य की शिकायत करने की बात को लेकर पुलेश्वर के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

जब पीड़ित पक्ष इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जा रहा था, तभी आरोपियों ने घेराबंदी कर ली। सहेत्तर साहू ने अपने अन्य साथियों ▸▸ शेष पेज 10 पर

# जिला कोर्ट का फैसला : पूर्व सरपंच की हत्या के दोषियों को 5-5 साल की जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

ग्राम कुकुरदी थाना सिटी कोतवाली में घटित मारपीट से मृत्यु के मामले में प्रधान सत्र न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी घोषित कर सजा सुनाई है। घटना रात्रि समय की है, जब ग्राम कुकुरदी में सतनामी समाज की बैठक के दौरान जैतखाम में झंडा चढ़ाने की तैयारी की जा रही थी।इस दौरान पूर्व सरपंच कन्हैया लाल जांगड़े के साथ गणेश चतुर्वेदी एवं उसके दोनों पुत्र भोला चतुर्वेदी और साहिल चतुर्वेदी द्वारा वाद-विवाद करते हुए गाली-गलौज एवं मारपीट की गई। गाली-गलौज से मना करने पर आरोपियों ने कन्हैया लाल जांगड़े के सीने पर हाथ-मुक्कों से हमला किया, जिससे वह बेहोश हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

- दोषियों ने पत्थर से किया गया था हमला, 25 साक्षियों के बयान लिए गए

घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज की गई, जिस पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विवेचना पूर्ण होने के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

विवेचना के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा कुल 25 साक्षियों के बयान कराए गए। साक्षियों के कथन एवं डॉक्टर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह प्रमाणित हुआ कि कन्हैया लाल जांगड़े की मृत्यु सीने में मारे गए प्रहार के कारण हुई थी। अंतिम तर्क के दौरान लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा द्वारा सशक्त तर्क प्रस्तुत किए गए, जिन्हें न्यायालय ने स्वीकार किया।

### 10 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया गया

समस्त साक्ष्यों एवं तर्कों पर विचार करने के पश्चात प्रधान सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा 9 जनवरी को निर्णय पारित करते हुए आरोपियों गणेश चतुर्वेदी, भोला चतुर्वेदी एवं साहिल चतुर्वेदी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 एवं 3(5) के अंतर्गत दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने का आदेश भी दिया गया है। वर्तमान में सभी आरोपी जेल में निरुद्ध हैं।

## सिविल सर्जन ने लिया त्वरित संज्ञान

# जिला अस्पताल में अनियमितता, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं एवं अव्यवस्थाओं को लेकर आम नागरिकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर सिविल सर्जन अशोक वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया तथा मौके पर निरीक्षण कर समस्याओं से अवगत कराया गया।

नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद दल ने सिविल सर्जन को बताया कि जिला अस्पताल वार्ड 1 में स्थित है तथा अस्पताल से लगे पार्षद के घर की ओर जाने वाले मार्ग पर अस्पताल का गंदा पानी बह रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर आमजन द्वारा पार्षद की निष्क्रियता तक के आरोप लगाए जाने लगे थे।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में व्याप्त भारी गंदगी को सिविल सर्जन अशोक वर्मा ने स्वयं देखा। इस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान के साथ पार्षद प्रतिनिधि गोविंद पात्रे, मनीष वर्मा सहित कांग्रेस नेता चित्तेश्वर साहू, सोहेल खान एवं शेख साबिर भी उपस्थित रहे।





कांग्रेस पार्षद दल ने जिला अस्पताल में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार की मांग करते हुए आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# स्कूटी की डिक्की से आठ किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम बार में घेराबंदी कर स्कूटी से गांजा की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग बिना नंबर की स्कूटी पर गांजा लेकर तस्करी की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल और चौकी बया की





टीम ने ग्राम बार के पास घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्ध जुपिटर स्कूटी को रोककर जब उसकी सूक्ष्मता से तलाशी ली गई, तो स्कूटी की डिक्की के अंदर पॉलीथीन में पैक किया हुआ भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा की गई विधिवत तौल कार्यवाही में गांजा 7.938 किलोग्राम, अनुमानित बाजार मूल्य 3,96,900, तस्करी में प्रयुक्त एक बिना नंबर वाली जुपिटर स्कूटी, आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सूरज सेन उर्फ परसुराम 30 वर्ष निवासी लवन, थाना लवन। फलेश साहू 45 वर्ष निवासी लवन, थाना लवन शामिल हैं।

चौकी बया थाना राजादेवरी में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### प्रवासी भारतीय दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के प्रवासी भारतीय दिवस मनाया गया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, रीखा चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, भारती चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि विदेशों में जो भारतीय मूल के लोग बसे हुए हैं, जो अपनी मेहनत, के ज़रिए भारत की पहचान को मजबूत कर रहे हैं।

### असम चुनाव के लिए दिनेश को मिली जिम्मेदारी

**महासमुंद।** युवा नेता दिनेश रूपरेला को भाजपा ने असम विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी है। असम प्रदेश के विधानसभा चुनाव में विश्वनाथ जिला के बेहाली विधानसभा सीट की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है। रूपरेला उन कार्यकर्ताओं में से हैं, जिन्होंने राजनीति को कभी पद या प्रतिष्ठा की सीढ़ी नहीं माना, बल्कि इसे सेवा, साधना और संगठन निर्माण का जीवन-संकल्प बनाया।

### वंचित किसानों से फार्मर आईडी बनाने की अपील

**महासमुंद।** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कुल 1 लाख 30 हजार 367 किसान पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 1 लाख 3 हजार 983 किसानों द्वारा फार्मर आईडी बनवा ली गई है तथा 26 हजार 384 किसानों की फार्मर आईडी बनना शेष है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसे गंभीरता से लेते हुए शेष सभी हितग्राही किसानों से शीघ्र फार्मर आईडी बनवाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाली, परियोजना अधिकारी मुख्यालय से नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासन एक ओर महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही इन दावों की हवा निकाल रही है।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के परियोजना अधिकारी विजय प्रभात सरल पर मुख्यालय से नदारद रहने और निरीक्षण में भारी कोताही बरतने के गंभीर आरोप लग रहे हैं, जिससे क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र अब भगवान भरोसे चल रहे हैं। विभागीय नियमों के अनुसार, सेक्टर पर्यवेक्षक को महीने में कम से कम 25 दिन और परियोजना अधिकारी को कम से कम 10 दिन फील्ड पर जाकर आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करना अनिवार्य है। लेकिन विश्वसनीय सूत्रों और ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना अधिकारी उच्चाधिकारियों के इन निर्देशों को ताक पर रख रहे हैं। निरीक्षण न होने के कारण धरातल पर योजनाओं का क्रियान्वयन शून्य होता जा रहा है।

## निरीक्षण नहीं होने पर आंगनबाड़ी भगवान भरोसे, रेडी टू ईट के लिए तरस रहे हितग्राही

### नहीं मिल रहा रेडी टू ईट का पैकेट

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और हितग्राहियों ने चर्चा के दौरान बताया कि केंद्रों से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलने वाला रेडी टू ईट पैकेट हर महीने और समय पर नहीं मिल पा रहा है। निरीक्षण के अभाव में इस व्यवस्था में भारी अनियमितता बरती जा रही है। हितग्राहियों का आरोप है कि उनकी सुनने वाला कोई नहीं है और अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त हैं।



### कामकाज पर पड़ रहा असर

परियोजना अधिकारी की कार्यशैली पर सबसे बड़ा सवाल उनके मुख्यालय में निवास न करने को लेकर है। बताया जा रहा है कि अधिकारी अपने मुख्यालय के बजाय 50 किलोमीटर दूर अपने गृह ग्राम से ही आना-जाना करते हैं। हफ्ते में केवल 3-4 दिन कार्यालय आना और समय से पहले चले जाना उनकी दिनचर्या बन चुकी है। अधिकारियों की इस अनुपस्थिति का सीधा असर विभाग के अनुशासन और कामकाज पर पड़ रहा है।

### मामले की समीक्षा होगी

मैं अभी नया आया हूं और एक बार मीटिंग ले चुका हूं। मैंने विभाग के सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इस मामले की समीक्षा की जाएगी।

**-उत्तम प्रसाद,** जिला महिला बाल विकास अधिकारी, सारंगढ़-बिलाईगढ़

## शिक्षकों का सम्मान, स्मृति-चिह्न भेंट एवं आपसी संवाद हुआ

# संकुल केंद्र मोहरा में पूर्व शिक्षकों का सम्मान वर्षों बाद हुआ भावनात्मक पुनर्मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन





विकासखंड सिमगा अंतर्गत संकुल केंद्र मोहरा में पूर्व शिक्षकों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य उन शिक्षकों को सम्मानित करना था, जिन्होंने वर्षों तक संकुल केंद्र मोहरा के विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं दीं और वर्तमान में अन्य स्थानों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह आयोजन संकुल समन्वयक मार्कंडेय केवर्त, डॉ. हरिश कुमार वर्मा प्राथमिक विद्यालय मोहरा एवं प्राचार्य केपी राय के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ढालसिंह ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सिमगा तथा विशेष अतिथि के रूप में नरेंद्र वर्मा डीएमसी, बलौदा बाजार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा को प्राचार्य कमलेश्वर प्रसाद राय हायर सेकंडरी स्कूल मोहरा, मंतराम बंजारे अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति मोहरा, बोधराम ध्रुव संस्था प्रमुख, भालसर, चोवाराम वर्मा प्रधान पाठक, मोहरा, हरिचंद्र वर्मा शिक्षक, मोहरा, जितेंद्र कुमार पटेल शिक्षक, नेवारी एवं शीला भारद्वाज प्राथमिक शाला बुड़गहन की उपस्थिति ने और अधिक बढ़ाया।

इस अवसर पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि लगभग 12–13 वर्ष पूर्व सभी शिक्षक एक ही विद्यालय समूह में साथ कार्यरत थे। आज का यह पुनर्मिलन ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो समय ने हमें फिर से उन सुनहरे पलों में लौटा दिया हो। प्राथमिक विद्यालय मोहरा में कार्यरत डॉ. हरिश कुमार वर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम अत्यंत भावनात्मक एवं स्मरणीय रहा। वर्षों बाद साथियों से मिलना केवल औपचारिक सम्मान नहीं, बल्कि शिक्षक जीवन की साझा स्मृतियों, संघर्षों और उपलब्धियों का उत्सव था। कार्यक्रम के दौरान पूर्व शिक्षकों का सम्मान, स्मृति-चिह्न भेंट एवं आपसी संवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक फोटो खिंचवाकर इस यादगार पल को संजोया।

# बिनौरी में हुआ सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शुक्रवार को ग्राम पंचायत बिनौरी के बड़ा तालाब पार में 600 मीटर, सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर थे। उन्होंने कहा कि सीसी रोड निर्माण होने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। वहीं दलदली मार्ग से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन वाली साय सरकार चहुमुखी विकास कर रही है।इस दौरान संतराम साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, डॉ.जितेन्द्र कुमार साहू, नगर पंचायत पलारी के पूर्व पार्षद राजेंद्र साहू, पूर्व पार्षद ताजेंद्र कन्नौजे, पार्षद डोमार सिंह वर्मा, हेमकुमार जायसवाल, सरपंच किरण साहू, युवा मोर्चा मंडल पलारी के पूर्व अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, उपसरपंच सुरेश कुमार डहरिया, हरीश डड़सेना सचिव, पंचगण बुधारू साहू, सरोज साहू, लता डहरिया, बालमती साहू, ममता धीवर, शैलेंद्री बंजारे, मंजू ध्रुव, बाला राम साहू, भरत सेन, हीरालाल मनहरे, सूर्या टंडन, मनीराम यादव जंतरू साहू रामकुमार साहू, संतोष कुमार साहू, छेदू राम साहू,कंसराम धीवर आदि उपस्थित थे।

# भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने यशवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



नगर पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मे प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा मंडल पलारी के कार्यकर्ताओं ने फटाका फोड़कर एवं मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया।

इसमें प्रमुख रूप से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, अजा मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा महेश्वर, पूर्व प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, आईटी सेल जिला संयोजक नेतरंजन निर्मलकर,जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, जिला महामंत्री किसान मोर्चा अमित वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा, पूर्व मण्डल महामंत्री शिव यदु, युवा मोर्चा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य लोकेश यदु, मण्डल मीडिया प्रभारी गौतम यादव, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रोहँसी चुड़ामणि साहू, युवा नेता जितेंद्र देवांगन, प्रमोद देवांगन, गेवेन्द्र बंजारे, गोविन्द जायसवाल, गुलशन रजक, कौशल साहू, रामेश्वर वर्मा, जनपद सदस्य उमेश यदु, हीरादास रात्रे, रामबाबू पटेल, अश्वनी रजक, पार्षद देवेंद्र वर्मा, सुभाष वर्मा, खेलन बाई वर्मा, राधा वर्मा, पार्षद रोहांसी लखन यादव, मनीष दुबे, ईश्वर बघेल एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मॉडिफाई साइलेंसर लगा 3 बुलेट जब्त, पुलिस ने 15 हजार का जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





जिले में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की पहल त्रिनयन शिकायत हेल्पलाइन का अब धरातल पर असर दिखाने लगा है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से आम जनता से मिल रही शिकायतों पर पुलिस त्वरित कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आज पुलिस ने शहर की शांति भंग करने वाले तीन बुलेट चालकों पर बड़ी कार्रवाई की है।

9 जनवरी को त्रिनयन हेल्पलाइन पर सूचना मिली कि शहर में कुछ बुलेट चालक मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर तेज और कर्कश बैकफायर की आवाज निकाल रहे हैं, जिससे राहगीर और निवासी परेशान हो रहे हैं। सूचना मिलते ही यातायात शाखा की टीम ने घेराबंदी कर 3 बुलेट मोटरसाइकिल चालकों को पकड़ा।

पुलिस ने पकड़े गए तीनों वाहनों सीजी 04 एमएस 3481 भानु प्रताप वर्मा 41 वर्ष रायपुर, सीजी 10 एटी 8542 शिवलाल ध्रुव 46 वर्ष ग्राम रमदैया करहीबाजार और सीजी 22 डी 0516 तौसिक अली 30 वर्ष बलौदाबाजार न केवल मॉडिफाई साइलेंसर निकलवाए, बल्कि प्रत्येक वाहन मालिक से 5-5 हजार के कुल 15 हजार का सम्मन शुल्क भी वसूल किया।

# हायर सेकंडरी स्कूल खम्हरिया में हुई मेघा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में 9 जनवरी को विद्यालय में राज्य शासन के आदेश अनुसार मेघा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा नोएडा अधिकारी के रूप में भूपेंद्र सिंह नगर पालिका अधिकारी को बनाया गया था। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुनीति साहू के द्वारा बहुत ही अच्छी बातें बताई गई। साथ में छात्राओं के साथ एक घंटे तक वार्तालाप भी चला। बैठक में प्राचार्य एस एल पटेल द्वारा 11 बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने बालक बालिका के निर्भीकता से बोलने एवं पढ़ाई पर प्रमुख रूप से फोकस डाला। नारायण साहू द्वारा बालिका शिक्षा एवं शिक्षा के अधिकार का जोर डाला। दरस टंडन द्वारा बालक-बालिका के दिनचर्या एवं कठिन परिस्थिति में शिक्षा ग्रहण करने की बात बतायी गई। अंत में सबद राम यादव अध्यक्ष द्वारा शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताया तथा छात्रों को नियमित विद्यालय आने की सलाह भी दिया।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सबद राम यादव एवं सदस्यगण डॉ. टेकलाल साहू पूर्व जनपद सदस्य, दरस राम टंडन, नारायण साहू, विशेश्वर साहू, सहानुराम कर्ष, लक्ष्य राम साहू, धनशाय यादव शाला विकास समिति सभी अन्य सदस्यगण ग्राम पंचायत खम्हरिया सभी सदस्य के साथ।

पालक उपस्थित थे तथा संकुल से लगभग 30 से अधिक शिक्षक थे। शिक्षकों में प्राचार्य एसएल पटेल सहित एन लकड़ा, एम एल सिदार, एस के डनसेना, आर एल, एस के डनसेना, जे के वर्मा, मनोज किशोर, डी आर सर, जी एस पटेल, पी एल पटेल, डी साहू, यू के निषाद, एन राज, पी के देवागन, टी साहू, केआर यादव, डीपी पटेल, वीके दुबे, अरुण दुबे, एसआर निषाद, आर के साहू, नेमलता पटेल, मैडम संगीता जायसवाल, मैंम दीपिका, लखन भारद्वाज, प्रकाश नेवले, आकाश यादव, घनश्याम दास उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### राइस मिल का...

के संचालक अंशुल जोतवानी के विरुद्ध पुलिस थाना हथबंद में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शितापूर्ण धान खरीदी सुनिश्चित करने तथा अवैध रूप से धान बिक्री करने वालों पर अंकुश लगाने संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। समिति एवं उपार्जन केंद्रों के साथ ही राईस मिल एवं थोक विक्रेताओ का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

### धान खरीदी केंद्रों ...

सहज धान बेचने की जिक्र किया। कलेक्टर ने तहसीलदार और उड़न दस्ता टीम को अवैध धान पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने एफसीआई गोदाम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहा भंडारित चावल, नमक और शक्कर सहित परिसर का मुआयना किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित खाद्य, सहकारिता, मार्कफेड, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम आदि के अधिकारी उपस्थित थे।

### चुनावी रंजिश में ...

को बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से पुलेश्वर वर्मा, मोहित वर्मा और शोभित वर्मा पर लाठी, डंडों और धारदार हथियारों से प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही बिलाईगढ़ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं (126(2), 191(2), 191(3), 190, 118(1), 109(1), 61(2)) के तहत मामला दर्ज किया। पहली कार्रवाई 4 जनवरी को की गई, जिसमें आरोपी भागीरथी यादव और दीपक कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। दूसरी कार्रवाई 8 जनवरी को की गई, इसमें पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य आरोपियों धरदबोचा, जिसमें सहेत्तर साहू निवासी रमतला, विजय कुमार साहू निवासी मल्दी, अजय कुमार साहू निवासी मल्दी, चिरंजीवी उर्फ हरीश कुमार साहू निवासी मल्दी और दरस कुमार यादव निवासी मल्दी शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हमले में प्रयुक्त लाठी, डंडा और चाकू जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 10 लीटर महुआ

को मौके पर नष्ट किया गया। हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब 12,000 रुपये एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 43,200 रुपये होना पाया गया। आरोपी दिनेश कुमार पिता बालकराम सा. असनीद थाना कसडोल एवं रूद्रकुमार पिता मायाराम जायसवाल सा. चांदन हाल मुकाम असनीद थाना कसडोल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) (च) 34 (2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, पी. माधव राव, नगर सैनिक कमल वर्मा, दुर्गेश्वरी कुर्रे शामिल रहे।

### स्कूटी की डिक्की...

है। पुलिस ने आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की विवेचना कर रही है ताकि तस्करी के इस जाल के अन्य संपर्कों का पता लगाया जा सके।

## गिरते भू-जल स्तर को बचाने कृषि विभाग की नई रणनीति

# ग्रीष्मकालीन धान की जगह दलहन-तिलहन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिरसानाला



ग्रीष्मकालीन मौसम में धान की फसल के कारण घटते जल स्तर और बढ़ती लागत को देखते हुए कृषि विभाग ने इस बार वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए कमर कस ली है। शुक्रवार को बिलाईगढ़ स्थित कार्यालय में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें धान के बदले दलहन और तिलहन फसलों की खेती पर चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से ग्रीष्मकालीन धान की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धान की फसल में पानी और बिजली की खपत अत्यधिक होती है, जिससे सिंचाई की लागत बढ़ रही है और भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए अब किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित करना अनिवार्य हो गया है।

### वैकल्पिक फसलों और योजनाओं पर फोकस

विभाग ने किसानों को धान के स्थान पर निम्नलिखित फसलें लेने हेतु विशेष समझाइश देने के निर्देश दिए हैं, मूंग, मूंगफली, सरसों और पाम ऑयल की उन्नत खेती। पीएम आशा योजना के तहत किसानों का पंजीकरण किया जाएगा ताकि वे समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच सकें। वन अधिकार अधिनियम के तहत किसानों का पंजीयन कर उन्हें पीएम किसान निधि का लाभ दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

### पीएम सूर्य घर योजना और ई-केवाईसी

बैठक में पीएम सूर्य घर योजना के तहत जुड़े किसानों का ई-केवाईसी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए ताकि उन्हें योजना का समुचित लाभ मिल सके। वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने मैदानी अमले को निर्देशित किया कि वे किसानों से सतत संपर्क बनाए रखें और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को समझाएं कि दलहन-तिलहन की फसलें कम पानी और कम लागत में बेहतर मुनाफा दे सकती हैं। इससे न केवल किसान की आर्थिक स्थिति सुधरेगी बल्कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहेगा।

## खबर संक्षेप

### 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में ललित पिता सियाराम निवासी ग्राम बिनौरी, तहसील पलारी एवं भूषण पिता फुलुराम, निवासी ग्राम गिधपुरी, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के लू लगने एवं तालाब के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### शराब बिक्री कर रही महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद**। दलदली रोड नयापारा में शराब बिक्री करने वाली महिला पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी किदलदली रोड नयापारा महासमुंद निवासी सावित्री पाटिल अपने घर के सामने खाली प्लाट में अवैध रूप शराब बिक्री करने के लिए रखी हुई है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने महिला के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 और बिक्री रकम 50 रुपए को बरामद किया।

### देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद**। तुमगांव पुलिस ने ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी रामू घसिया पिता बिसरू घसिया (60 साल) निवासी गढसिवनी के कब्जे से 10 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 800 रुपए व 19 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल शराब कीमत 2280 कुल 3080 रुपए को बरामद किया।

# मोहरा में गूंजे भगवान श्री कृष्ण और राम के जयकारे

## नंदोत्सव में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, मोहरा में श्रीमद् भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम मोहरा के लक्ष्मी चौक पर आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। कथा के दौरान भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पावन प्रसंगों का सजीव वर्णन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण श्रद्धा और उल्लास से सराबोर हो गया।

कथावाचक ने राम जन्म प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीराम सत्य, त्याग और कर्तव्य के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि माता-पिता की आज्ञा का पालन और सत्य के मार्ग पर चलना ही राम जीवन का मूल संदेश है। कृष्ण जन्म प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि विषम परिस्थितियों में भी धैर्य कैसे बनाए रखें। अन्याय के विरुद्ध खड़े होना और फल की चिंता किए बिना निष्काम कर्म करना ही कृष्ण जीवन का सार है।

**विशेष उपहार : खाटू श्याम की प्रतिमा और प्रसाद वितरण:** धार्मिक आयोजन में सामाजिक सौहार्द की भी झलक दिखी। वर्मा समाज के ग्राम प्रमुख गिरवर प्रसाद वर्मा द्वारा कथा में आए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप बूंदी का वितरण किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में श्रद्धालुओं को खाटू श्याम जी की प्रतिमा भेंट की गई, जिसे पाकर भक्तों के चेहरे खिल उठे।

### नन्हे कान्हा को गोद में लेकर निकले वासुदेव

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान पंडाल में अद्भुत दृश्य देखने को मिला। जैसे ही कान्हा के जन्म का समय हुआ, पूरा पंडाल नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा वासुदेव के रूप में नन्हे कृष्ण को टोकरी में लेकर पंडाल में भ्रमण करने निकले। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भगवान पर पुष्पवर्षा की और जमकर नृत्य किया।





### सामाजिक एकता और संस्कारों का संगम

ग्रामवासियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार आते हैं और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कथा के समापन पर भव्य आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के वरिष्ठों, युवाओं और मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा।

## पिसीद के हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण पर हुआ मंथन

# संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की है नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

पिसीद मंडल के ग्राम पिसीद में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित, समरस और कर्तव्यनिष्ठ बनाकर भारत को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करने की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आकर्षण स्कूली बालिकाओं द्वारा दी गई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता राजेन्द्र निराला ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक समग्र कला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि भारत एक शरीर है, तो हिंदू उसकी आत्मा हैं। सामाजिक समरसता पर बात करते हुए उन्होंने कहा, /"एक पनघट और एक मरघट पर सभी भेद समाप्त हो जाते हैं, यही समरसता का वास्तविक स्वरूप है।/"





विशिष्ट वक्ता खिख राम कैवर्त्य ने पारिवारिक संस्कारों कुटुंब प्रबोधन पर बल दिया। उन्होंने आग्रह किया कि प्रत्येक घर में ओम, स्वस्तिक, तुलसी का पौधा और मातृभाषा में संवाद होना चाहिए। उन्होंने भोजन के समय मोबाइल का त्याग कर पारिवारिक चर्चा करने और प्रातःकाल धरती माता के चरण स्पर्श जैसे संस्कारों को अपनाने की बात कही। साथ ही, नागरिक कर्तव्यों जैसे जल संरक्षण, पॉलीथिन का त्याग और यातायात नियमों के पालन को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताया। पंथ प्रमुख गुरु अस्थिर दास ने संघ के संघर्षमय सफर और राष्ट्र सेवा की चर्चा करते हुए पंच परिवर्तन को आधार बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार पटेल ने किया और आभार प्रदर्शन रामरतन पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख भागवत पटेल सहित सुशील कुमार साहू, संतराम वर्मा, रामकुमार साहू, श्याम रतन पटेल, पुसाऊ राम कैवर्त्य, और पिसीद मंडल के ग्राम मोतीपुर, आमाखोहा, भंवरीद, उपरानी, छांछी, छरछेद व कोट के विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### धर्मांतरण के विरुद्ध सजगता का आह्वान

विशिष्ट अतिथि और जनपद सदस्य मोंगरा सत्यनारायण पटेल ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा सनातन समाज हमारा परिवार है। उन्होंने नैतिक कर्तव्य याद दिलाते हुए कहा कि हमें अपने आसपास के परिवारों को धर्मांतरण करने वाले विधर्मियों से बचाना होगा ताकि हमारा सनातनी परिवार संगठित रहे।मुख्य अतिथि प्रहलाद ने कहा कि हिंदुत्व का मूल मंत्र वसुधैव कुटुम्बकम् है। उन्होंने कोरोना काल में भारत द्वारा दुनिया को दी गई मदद का उदाहरण देते हुए हिंदू चेतना को सर्वोपरि बताया। जयलाल मिश्रा ने डॉ. हेडगेवार के विचारों का उल्लेख करते हुए स्वाभिमान और अनुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया।



## बिलाईगढ़ में निर्माणाधीन सभी कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूवार को बिलाईगढ़ ब्लॉक के दौरे पर रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय का अवलोकन किया। उन्होंने एसडीओ पीडब्ल्यूडी और इंजीनियर से मौके पर जाकर कार्य कब तक पूर्ण करेंगे, कौन-कौन सा शाखा का कमरा कहां बनाए जा रहे आदि का चर्चा कर कार्य को समय सीमा में गुणवत्ता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का पूरा नये वायर से विद्युतीकरण बिजली कनेक्शन कार्य, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर और वार्ड (आईपीडी), निर्माण, भवन का पीवीसी आदि के निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला, डीपीएम एन एल इजारदार,



सीजीएमएससी के इंजीनियर और डॉक्टर आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील चौधरी के साथ बिलाईगढ़ में नगर पंचायत द्वारा चल रहे भवन एवं अन्य निर्माण का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने जाह्नवी और माया स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मणि कंचन केन्द्र परिसर में सब्जी भाजी उत्पादन का निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने भानकुंवारी को अपने और नन्हें बच्चे का ख्याल रखने की बात कही

कलेक्टर ने हॉस्पिटल में भर्ती बालिका लक्ष्मी सांडे का हालचाल जाना, वह चक्कर आने के कारण से भर्ती थी। वहीं कलेक्टर ने नर्सों से उनके शिफ्टवार कैसे कार्य करते हैं। उसकी जानकारी लेकर नियमित अच्छी सेवा देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुबह सामान्य प्रसव से बच्चे को जन्म देने वाली माता भानकुंवारी साहू और उनके नन्हें शिशु के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर अच्छे से समय पर भोजन, दवा के साथ साथ अपने और बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने और सजग रहने कहा।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, 32 टीमों ने लिया हिस्सा

## उद्‍घाटन मुकाबले में भरसेला टीम ने चांपा को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

क्रिकेट प्रेमी खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार विधानसभा स्तरीय प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम चरण का शुभारंभ ग्रामीण मंडल के ग्राम पौसरी रवान खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भारत माता की पूजा-अर्चना से किया गया। इस अवसर पर मंडल स्तर के प्रमुख जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उद्‍घाटन अवसर पर प्रतियोगिता का पहला मुकाबला चांपा एवं भरसेला की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भरसेला की टीम ने विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों की सहभागिता है, जिन्हें चार वर्गों में विभाजित कर टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, स्व. सोनचंद स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा, भाजपा नेता रेवाराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी पुरुषोत्तम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, मंडल उपाध्यक्ष परेश वैष्णव सहित समिति अध्यक्ष सेवकराम साहू, आसाराम वर्मा, जेठूराम यादव, संतोष पटेल, नेतराम साहू, योगेश वर्मा उपस्थित रहे।



### ये हुए शामिल

इसके अतिरिक्त जनपद सदस्य संगीता ध्रुव, जनपद सदस्य राजेश नेताम, जनपद सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम वर्मा, खेलन वर्मा, मुरली हनुमंत, हनुमंता, भाजपा आईटी संयोजक शिव साहू, गणेश त्रिवेदी, नरेश वर्मा, रवि साहू, सरपंच प्रतिनिधि कमलेश नेताम, पूर्व उपसरपंच विजय वर्मा, रवान सरपंच प्रतिनिधि अक्षय भारती, सचिव प्रहलाद श्रीवास, खुमान वर्मा, मंगल वर्मा, सालिक मालिक राम वर्मा, गोपाल हनुमंत, पंच डिगेश्वर ध्रुव, पुरंजय कल्याण रजक, दुलेश्वर ध्रुव, रामेश्वर वर्मा, अनिल सेन, पुनीत राम एवं राकेश चंद्रशेखर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### धन्नूलाल बने सतनामी समाज के प्रदेश सचिव



**लवन।** प्रदेश सतनामी समाज गिरौदपुरी धाम संस्था छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष डीपी जलहरे ने सर्वसहमति से ग्राम बरदा निवासी धन्नूलाल जांगड़े को प्रदेश सचिव बनाया गया है। इसके अलावा हेमंत कुर्रे, रीझेद डहरिया को संयोजक, तुलसी मनहर संयुक्त सचिव, ज्योति कुर्रे प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश घृतलहरे कार्यकारी अध्यक्ष, विश्व टंडन यूथ प्रदेशाध्यक्ष, संतोष कुर्रे प्रदेश उपाध्यक्ष और कुमार डिसूजा को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर समाज के लोगों ने आभार व्यक्त किया।

### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव

**महासमुंद।** जिला साहू संघ महासमुंद की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 10 जनवरी शनिवार को स्थानीय कर्मा सदन में आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष नीरेंद्र साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। कार्यक्रम में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

### चार हजार की महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम मुंगाडीह मजार डोंगरी के पास बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से चार हजार रुपए का 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी हेतराम भारद्वाज पिता गणेश राम भारद्वाज (57 साल) मुंगाडीह पुलिस चौकी भंवरपुर के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## निधन

### दानेंद्र ध्रुव



**खरोरा।** ग्राम मुड़पार निवासी 28 वर्षीय दानेंद्र ध्रुव का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनके असमय निधन से अंचल में शोक की लहर है। दानेंद्र ध्रुव, ध्रुव समाज के सक्रिय सदस्य थे। वे रिटायर्ड रेलवे अधिकारी स्व. चोवा बिसाहिन ध्रुव के सुपुत्र एवं नेम सिंह लोकनाथ के भतीजे थे। दानेंद्र अपने परिवार के प्रिय सदस्य थे और अपने व्यवहार के लिए समाज में सम्मानित थे। वे अपने परिवार में संतोष ध्रुव, झालेनेद्र, भिलेंद्र, मनीष, युगल किशोर, डेविड, ऋषि, पीयूष एवं मधु रानी के सबसे छोटे भाई थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## पहल : मुस्कान महिला समूह रिसदा में लगाया गया शिविर

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओं और महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुस्कान महिला समूह रिसदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में तथा अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा मुस्कान महिला समूह के आमंत्रण पर आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, रैगिंग अधिनियम, गोटरयान अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, साइबर अपराध तथा लोक अदालत के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। छात्राओं ने शिविर में उत्साहपूर्वक सक्रिय सहभागिता निभाई।






### छात्राओं को कैरियर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किया प्रेरित

सचिव अमिता जायसवाल द्वारा छात्राओं को उनके भविष्य के कैरियर के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभिक स्तर से ही किस प्रकार शुरू की जानी चाहिए। परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ खेलकूद, व्यायाम, मेडिएशन तथा साक्षात्कार की तैयारी से संबंधित उपयोगी सुझाव भी साझा किए गए। एकाग्रता बनाए रखने के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया, वहीं अपने व्यक्तिगत अनुभवों एवं तैयारी के दौरान आने वाली समस्याओं को साझा कर छात्राओं को प्रेरित किया गया, जिससे उपस्थित छात्राएं अत्यंत उत्साहित नजर आईं।

### नशा मुक्ति एवं बाल विवाह रोकथाम दी गई जानकारी

शिविर में उपस्थित छात्रों एवं जनसामान्य को नशा मुक्ति एवं बाल विवाह रोकथाम के विशेष अभियान की जानकारी दी गई। नशे से होने वाले दुष्परिणामों के साथ-साथ नशा मुक्ति के लिए उपलब्ध उपचार एवं सहायता के उपायों पर भी चर्चा की गई। बाल विवाह के संबंध में बताया गया कि बाल विवाह कराने वाले माता-पिता के साथ-साथ इसमें शामिल अन्य व्यक्ति अथवा पंडित भी दंड के भागी होते हैं। यदि कोई अवयस्क नाबालिग से विवाह करता है, तो उसके लिए भी कानून में दंड का प्रावधान है। बाल विवाह से पीड़ित नाबालिगों के लिए उपलब्ध विधिक उपचारों की जानकारी भी दी गई।

### छात्रों को किया गया जागरूक

इसके अतिरिक्त छात्रों को सोशल मीडिया के सतर्क उपयोग, उसके दुरुपयोग एवं संभावित दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए यह भी स्पष्ट किया गया कि कानून के दुरुपयोग की स्थिति में भी विधि में दंड का प्रावधान है। शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों को कानून के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाने का प्रयास किया गया।

# जिला पुलिस ने रखा रील-शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा विषय पर रील मेकिंग/शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार को बढ़ावा देना है।

पुलिस विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतियोगिता में प्रस्तुत की जाने वाली रील/वीडियो यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित होनी चाहिए। वीडियो की अवधि न्यूनतम एक मिनट तथा अधिकतम तीन मिनट निर्धारित की गई है। प्रयुक्त भाषा सरल, शालीन एवं सार्वजनिक मर्यादा के अनुरूप होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की भ्रामक, द्विअर्थी अथवा आपत्तिजनक सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रतिभागियों को निर्धारित विषय पर रील/वीडियो तैयार कर फेस बुक में हैशटैग के साथ पोस्ट करना होगा तथा बलौदाबाजार पुलिस के आधिकारिक फेसबुक पेज को टैग करना अनिवार्य होगा। रील/वीडियो के साथ प्रतिभागी का नाम, आयु, पूरा पता एवं संपर्क नंबर अंकित करना आवश्यक है। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 10 हजार एवं द्वितीय 5 हजार सम्मान पत्र सहित निर्धारित किया गया है। इसके लिए अंतिम तिथि 26 जनवरी तक निर्धारित है।

# कलेक्टर ने हाई और हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे भटगांव क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने भटगांव, बेलटिकरी के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को इस वर्ष में अच्छे से पढ़ाई कर सभी को प्रथम श्रेणी परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को कहा कि वे अपने समय का उपयोग कर इस सुनहरे समय को कैरियर बनाने में समर्पित करें। वहीं भौतिकी, रसायन, गणित, अंग्रेजी सहित सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे निरंतर सरल ढंग से बच्चों को पढ़ाएं और कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए अतिरिक्त कक्षा लगाने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने बच्चों को प्रथम श्रेणी में परीक्षा परिणाम लाने के लिए मोटिवेट किए

कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को किसी टॉपिक समझ नहीं आने पर अपने ऐसे दोस्त जो अच्छा जानता हो उससे भी उस टॉपिक को समझने के लिए कहा। कलेक्टर ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर पाठ्यक्रम के प्रश्न भी हल करने के लिए दिए। वहीं बच्चों से डॉक्टर बनने के लिए नीट की परीक्षा देने जैसे पूछकर और जानकारी देकर कैरियर के बारे में भी संबंधित पढ़ाई करने के लिए भी मार्गदर्शन दिए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को कहा कि वे पिछले 5 वर्षों के परीक्षा में आए प्रश्नपत्रों का हल नियमित कर पढ़ाई करें। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, नोडल अधिकारी सेजेस नरेश चौहान, बीईओ सत्यनारायण साहू आदि उपस्थित थे।

# शिव-पार्वती विवाह की धूम : गुणनिधि की कथा से समझा दीपदान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत सेल के डोंगियापारा में आयोजित संगीतमय शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी निकाली गई और विवाह की रस्मों के बीच श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक टिकावन देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।पांचवें दिन की कथा में राजा हिमाचल और रानी मैना की तपस्या का वर्णन किया गया। आचार्य ने बताया कि कठिन तप के बाद आदि शक्ति ने माता पार्वती के रूप में जन्म लिया। भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती को भी कठोर तपस्या करनी पड़ी। उन्होंने संदेश दिया कि जब साक्षात माता पार्वती को महादेव को पाने के लिए इतनी मेहनत करनी पड़ी, तो साधारण मनुष्यों को आलस्य त्याग कर पूर्ण भक्ति के साथ ईश्वर की आराधना करनी चाहिए। शिव-पार्वती विवाह के दौरान पूरा कथा पंडाल मंगल गीतों और जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर श्यामलाल जायसवाल, रमला जायसवाल, फागुलाल साहू और लक्ष्मीन साहू। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उमाशंकर साहू, खोलबहरा प्रसाद साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक पहारू राम साहू, राजेश कुमार साहू, हरिश कुमार वर्मा, बंशीलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### अज्ञानता में किए दीपदान से कुबेर बने 'गुणनिधि'

कथा के चौथे दिन सिमगा से पधारे आचार्य पंडित घनश्यामानंद पांडेय ने गुणनिधि नामक ब्राह्मण की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे अपने कर्तव्यों से विमुख रहने वाला गुणनिधि, अज्ञानता वश ही सही, लेकिन भगवान शंकर के मंदिर में दीपक प्रज्वलित करने के फलस्वरूप अगले जन्म में धनपति कुबेर के पद पर प्रतिष्ठित हुआ। आचार्य ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भगवान शंकर के मंदिर में प्रतिदिन दीपदान करने से महादेव अत्यंत शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

### पतिव्रता धर्म और मां सती का प्रसंग

आचार्य ने दक्ष प्रजापति की तपस्या और आदि शक्ति मां भगवती के अंश से जन्मी माता सती के प्रसंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्त्रियों के लिए 'पतिव्रता धर्म' की महत्ता बताते हुए कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने से ही जीवन में सुख-शांति आती है।

# बांगर पब्लिक स्कूल को मिला जिला स्तरीय 5-स्टार सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

बलौदाबाजार जिले के बांगर पब्लिक स्कूल ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय को एवं स्वच्छ हरित विद्यालय रेटिंग 2025–26 के अंतर्गत जिला स्तरीय 5-स्टार मान्यता से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जल संरक्षण, स्वच्छता, साफ-सफाई तथा पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

- पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

यह मान्यता कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा।

विद्यालय प्रशासन ने इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताते हुए सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। बताया गया कि बांगर पब्लिक स्कूल द्वारा स्वच्छ एवं हरित परिसर विकसित करने के साथ-साथ छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु नियमित रूप से जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण तथा विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। इन प्रयासों के माध्यम से विद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक तैयार करने की दिशा में सराहनीय पहल की है।

## पुलिस ने भारी वाहन चालकों के लिए आयोजित किया नेत्र परीक्षण शिविर

# 102 भारी वाहन चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा जिले में 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 मनाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, उपनिरी. प्रियेश जान प्रभारी यातायात बलौदाबाजार के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्कूल कॉलेज मुख्य सड़क मार्ग आदि में विविध यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सकरी बाईपास बलौदाबाजार में भारी वाहन चालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



इस दौरान नेत्र सहायक अधिकारी बेगेश्वर यदु एवं दीपक चौहान की चिकित्सीय टीम द्वारा कुल 102 भारी वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है। इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिससे निश्चित ही यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।




